# राजस्थान में युवा मित्रों का विरोध प्रदर्शन

## चर्चा में क्यों?

**राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद अपनी नौकरी गंवाने वाले [राजीव गांधी युवा मित्रों]** ने अपनी सेवाएँ बहाल करने की मांग को लेकर ज़िलों और तहसीलों में अपना **विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है।**

## मुख्य बिंदु:

- यह संभव है कि राजस्थान सरकार एक संशोधित योजना के तहत **8,000 युवा मित्रों को नियुक्त करने के लिये राज्य बजट में एक नया प्रावधान पेश करेगी।**
- पिछली सरकार द्वारा शुरू की गई वर्तमान योजना, **राजस्थान गांधी युवा मित्र** को बदलकर **विकसित राजस्थान युवा मित्र** किये जाने की संभावना है।
- लोकसभा चुनाव के लिये **[आदर्श आचार संहिता (MCC)]** लागू होने से पहले लगभग 5,000 युवा मित्रों ने सरकारी नौकरियों में बहाली की मांग को लेकर दो महीने से अधिक समय तक विरोध प्रदर्शन किया था।
  - मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) के अतिरिक्त मुख्य सचिव (ACS) द्वारा यह आश्वासन दिये जाने के बाद कि सरकार की नई योजना के तहत उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी, विरोध प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप योजना (RGYMIS)

- वर्ष 2021-22 में शुरू की गई **इस योजना का उद्देश्य युवा स्नातकों को व्यावहारिक कार्य अनुभव प्रदान करना** और उन्हें अपने कौशल तथा ज्ञान को विकसित करने में सहायता करना है।
- इसके तहत प्रशिक्षुओं को विभिन्न सरकारी विभागों और एजेंसियों में रखा गया तथा उन्हें 10,000 रुपए तक का वजीफा दिया गया।
- **इस कार्यक्रम के तहत लगभग 50,000 युवाओं को नामांकित किया गया था।**
- अर्थशास्त्र और सांख्यिकी विभाग के अनुसार, यह योजना **राजीव गांधी युवा मित्र (RYM) नामक बौद्धिक एवं स्व-प्रेरित युवाओं का एक समूह विकसित** करने हेतु लाई गई थी।
- इस पहल का उद्देश्य **लोगों को शासन के विषय में शिक्षित करना** और सरकार में उनका विश्वास पैदा करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि उनकी बुनियादी आवश्यकताएँ उनके दरवाजे पर पूरी हों।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/yuva-mitras-protest-in-rajasthan